TOURISM IN INDIA

India is fast emerging as a preferred tourism destination in the World. The Travel & Tourism Competitiveness Report 2015 ranks India 52nd out of 141 countries overall. The country also scores high on natural and cultural resources where it is ranked 12th. Tourism in India is economically important and is growing rapidly. In a developing country like ours, tourism has become one of the major sectors of the economy, contributing to a large proportion of the National Income and generating huge employment opportunities. It has become the fastest growing service industry in the country with an immense potential for further expansion and diversification.

India offers a different aspect of her personality – exotic, extravagant, elegant, eclectic- to each traveler to the country. India is a country known for its lavish treatment to all its visitors, no matter where they come from. Its visitor-friendly traditions, varied life styles, diverse cultural heritage along with its colorful fairs and festivals, have held an abiding attraction for the tourists from not only within the country but from all over the World. The other attractions of this amazing country include beautiful beaches, forests and wild life and landscapes for eco-tourism; snow, river and mountain peaks for adventure tourism; technological parks and science museums for science tourism; centers of pilgrimage for spiritual tourism; and heritage trains and hotels for heritage tourism. Yoga, Ayurveda and natural health resorts and hill stations have also been attracting tourists for decades.

Indian handicrafts particularly, jewelry, carpets, leather goods, ivory and brass work, wood work, textiles are in great demand by foreign tourists who love to spend on such items.

Tourism sector is one of the largest employment generators in India. It plays an important role in employment generation and economic growth of our country and is accepted as the potent engine for inclusive social economic progress at universal level through its forward and backward linkages and ability to create employment. The main objective of the tourism policy in India now is to position tourism as a major engine of economic growth, and harness its direct and multiplier effect on employment and poverty eradication in a sustainable manner by active participation of all segments of the society. Apart from Marketing and promotion, the focus of tourism development plans is also on integrated development of tourism infrastructure and facilities through effective partnership with various stakeholders.

Ministry of Tourism is the nodal agency to formulate national policies and programmes for the development and promotion of tourism in India. In the process, the Ministry consults and collaborates with other stakeholders in the sector including various Central Ministries/ agencies, the State Governments/ Union Territory Administrations and the representatives of the private sector.

Every region of India has something unique and delightful to offer to a tourist or visitor Rajasthan is one of the preferred destinations, along with Delhi and Uttar Pradesh. Gujarat, Madhya Pradesh, Kerala, Maharashtra, Karnataka, North East, Jammu & Kashmir, Uttarakhand, Tamil Nadu which attracts both domestic as well as foreign visitors.

The popular concept of Heritage Hotels was introduced to convert the old palaces, havelies, forts and residences built prior to 1950, into accommodation units that reproduce the ambience of lifestyles of the bygone era. These are extremely popular among tourists.

In Himachal Pradesh, the rural people are involved in creating the required facilities in rural areas for tourism purpose. The North- East has a wide array of places in the form of its pristine natural beauty, forests and wildlife, rivers and mountains, and a unique multi-ethnic cultural heritage to offer to the tourists. The region is endowed with diverse tourist attractions and each state has its own distinct features.

Tourism can be categorized under many activity related sub categories. Prominent among those are given below and concerted efforts are being made to promote these new forms of tourism in India:

Rural Tourism, which is essentially an activity which takes place in the countryside, is also very popular among tourists. It is multifaceted and may entail farm/agricultural tourism, cultural tourism, nature tourism, adventure tourism, and eco tourism. As against conventional tourism, rural tourism has certain typical characteristics, like it is experience-oriented, the locations are less populated, it is predominantly in natural environments and it is based on the preservation of culture, heritage and traditions.

Ecotourism (also known as ecological tourism) is responsible travel to fragile, pristine, and usually protected areas that strives to be low impact and (often) small scale. It purports to educate the traveler, provide funds for the economic development and political empowerment of local communities, and foster respect for different cultures and for human rights. Ecotourism is held as important by those who participate in it so that future generations may experience aspects of the environment relatively untouched by human intervention.

Ocean and river Cruises are one of the most dynamic and the fastest growing components of the leisure industry worldwide. India with its vast and beautiful coastline, virgin forests and undisturbed idyllic islands, rich historical and cultural heritage, is becoming a fabulous tourist destination for cruise tourists.

Adventure tourism involves exploration or travel to remote, exotic areas. Adventure tourism is rapidly growing in popularity in India. There is a thrust in the area of Medical Tourism, Wellness Tourism and Yoga, Ayurveda Tourism as well as other forms of Indian system of medicine covered by Ayurveda, Yoga, Unani, Siddha and Homeopathy (AYUSH). Services typically sought by travellers include elective procedures as well as complex specialized surgeries. However, virtually every type of healthcare, including psychiatry, alternative treatments, and convalescent care is available in India.

Wellness Tourism is about travelling for the primary purpose of achieving, promoting or maintaining maximum health and a sense of well-being. It is about being proactive in discovering new ways to promote a healthier, stress free life.

Sports tourism in India is also fast gaining interest. India has several golf courses of international standards. Further, golf events held in India also attract domestic and international tourists.

The Department of Posts organized a nation-wide competition inviting entries for designing the commemorative postage stamp, souvenir sheet, First Day Cover and Brochure, on the theme Tourism in India.

The designs on the stamp & Souvenir Sheet are based on three best entries submitted by Mr. Tiju. G. J., Mr. M. Vaibhav Shenoy and Ms. Ashita Sharma.

Credits:-

Text	:	Based on the material available on the internet
Stamp/Souvenir Sheet/ FDC	:	Ms. Alka Sharma, based on selected paintings submitted by participants
Cancellation cachet	:	Ms. Alka Sharma

भारतीय डाक विभाग
Department of Posts
India

स्वतंत्रता दिवस
INDEPENDENCE DAY



भारत में पर्यटन
TOURISM IN INDIA

विवरणिका
BROCHURE

भारत में पर्यटन

भारत, पर्यटन की दुनिया के सबसे लोकप्रिय स्थान के रूप में उभर रहा है। ट्रेवल एंड टूरिज्म् कंपीटीटिवनेस रिपोर्ट, 2015 के अनुसार, कुल 141 देशों की सूची में भारत को समग्रत: 52वां स्थान प्रदान किया गया है। प्रकृति और सांस्कृतिक संसाधनों के मानदंडों के आधार पर भी भारत का प्रदर्शन बेहतरीन है और इसे 12वां स्थान प्रदान किया गया है। भारत में पर्यटन आर्थिक रूप से काफी महत्वपूर्ण है और इसमें तेजी से विकास हो रहा है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए, पर्यटन हमारी अर्थव्यवस्था का प्रमुख क्षेत्र बन गया है और राष्ट्रीय आय में इसका महत्वयपूर्ण योगदान है। इस क्षेत्र में व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। पर्यटन, देश का सबसे तेजी से विकसित होता सेवा उद्योग बन चुका है, जिसमें विस्तार और विविधता लाने की अनंत संभावनाएं मौजूद हैं।

भारत आने वाले प्रत्येक पर्यटक पर, हमारे अनूठे देश के व्यक्तित्व का नया आयाम खुलता है। किसी के लिए यह मोहक है, तो किसी के लिए अत्यन्त भव्य, किसी को यहां का वातावरण रमणीय लगता है, तो कोई यहां की विविधता में खो जाता है। भारत दुनिया के कोने-कोने से आने वाले अपने अतिथियों के भव्य सत्कार के लिए जाना जाने वाला देश है। अतिथि देवो भव: की परंपरा, रंग-बिरंगी जीवन शैलियों, विविधतापूर्ण सांस्कृतिक विरासत और रंगारंग मेलों और त्योहारों से सजा यह देश, न सिर्फ देशभर के पर्यटकों के लिए बल्कि दुनिया भर से यहाँ आने वाले सैलानियों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा है। इस अनूठे देश के अन्य मोहक पहलुओं में पर्यावरण-पर्यटन के लिए यहां के मनोरम समुद्र तट, हरियाले वन्य क्षेत्र एवं वन्य जीव तथा अद्भुत भूदृश्य; रोमांच पर्यटन के लिए बर्फ की चादर में लिपटी यहां की चोटियां, कलकल बहती नदियां और आसमान से बातें करते विशाल पर्वत; विज्ञान पर्यटन के लिए यहां के प्रौद्योगिकी आधारित पार्क तथा विज्ञान संग्रहालय; आध्यात्मिक पर्यटन के लिए यहां के अनेकानेक तीर्थस्थल और विरासती पर्यटन के लिए यहां की विरासती ट्रेनें और होटल शामिल हैं। योग, आयुर्वेद तथा प्राकृतिक चिकित्सा रिसॉर्ट और पहाड़ों की गोद में बसे पर्यटन स्थल यहां दशकों से पर्यटकों को अपनी ओर खिंचते रहे हैं।

भारतीय हस्तशिल्प विशेषकर आभूषण, कालीन, चमड़े की बनी वस्तुएं, हाथी दाँत और पीतल निर्मित वस्तुएं, लकड़ी से बनी चीजें और वस्त्र आदि विदेशी पर्यटकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय हैं, जो इन्हें बड़े चाव से रीदते हैं।

पर्यटन उद्योग, भारत में रोजगार सृजन के विशालतम क्षेत्रों में शामिल है। रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने और देश के आर्थिक विकास की दिशा में पर्यटन उद्योग की भूमिका अहम है और समग्र आर्थिक-सह-संबद्धता और लोगों को रोजगार देने की इसकी क्षमता के कारण इसे वैश्विक स्तर पर समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति का प्रबल माध्यम माना गया है। वर्तमान में भारत की पर्यटन नीति का मुख्य- उद्देश्य, इस उद्योग को विकास के इंजन के रूप में प्रोत्साहित करना और समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से रोजगार सृजन एवं गरीबी उन्मूलन की दिशा में इसके प्रत्यक्ष और प्रबल प्रभाव की क्षमता का भरपूर प्रयोग करना है। पर्यटन विकास की योजना के अंतर्गत मार्केटिंग और संवर्धन पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ-साथ विभिन्न भागीदार पक्षों के प्रभावी सहयोग से पर्यटन इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं के एकीकृत विकास पर भी जोर दिया जा रहा है।

भारत में पर्यटन के विकास और संवर्द्धन के उद्देश्य से राष्ट्रीय नीतियां और कार्यक्रम बनाने हेतु नोडल एजेंसी का कार्य पर्यटन मंत्रालय द्वारा किया जाता है। इस प्रक्रिया में पर्यटन मंत्रालय, इस क्षेत्र के अन्य भागीदारों, जैसे विभिन्न मंत्रालयों व एजेंसियों, राज्य सरकारों व संघ शासित क्षेत्र के प्रशासनों तथा निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों के परामर्श व सहयोग से काम करता है।

भारत के हर क्षेत्र का कोई न कोई ऐसा अनूठा और मोहक पहलू है, जो यहां आने वाले हरेक सैलानी के मन में बस जाता है। भारत भ्रमण करने आने वाले पर्यटकों के लिए दिल्ली और उत्तर प्रदेश के साथ-साथ राजस्थान अत्यन्त पसंदीदा स्थान है। इसके अलावा, घरेलू तथा विदेशी यात्री, गुजरात, मध्य प्रदेश, केरल, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पूर्वोत्तर, जम्मू व कश्मीर, उत्तरांखड और तमिलनाडु के पर्यटन स्थलों पर भी जाना पसंद करते हैं।

पर्यटन के क्षेत्र में हेरिटेज होटल अर्थात् विरासती विश्राम स्थल की अवधारणा अत्यन्त लोकप्रिय हुई है। इसके अंतर्गत प्राचीन महलों, हवेलियों, किलों और 1950 से पहले निर्मित निवास स्थानों को ऐसे आरामगाहों के रूप में विकसित किया गया है, जिनमें अतीत की वो शान और राजसी जीवनशैली एक बार फिर जी उठती है। इस प्रकार के हेरिटेज होटल पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं।

हिमाचल प्रदेश में, ग्रामीण लोग पर्यटन के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में अपेक्षित सुविधाएं जुटाने में लगे हुए हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र में, पयर्टकों को लुभाने के लिए आदिकालीन प्राकृतिक सुन्दरता, वन और वन्य जीव, नदियां और पर्वत तथा एक विशिष्ट बहु-जातीय सांस्कृतिक धरोहर के रूप में व्यापक पर्यटन स्थल हैं। इस क्षेत्र में विविध प्रकार के लुभावने पर्यटन स्थल हैं और प्रत्येक राज्य की अपनी खास विशेषताएं हैं।

पर्यटन को विभिन्न गतिविधियों से संबंधित उप-वर्गों के अंतर्गत वर्गीकृत किया जा सकता है। इनमें से प्रमुख वर्गों को निम्नानुसार वर्णित किया गया है और भारत में इन नए प्रकार के पर्यटनों को बढ़ावा देने के लिए सम्मिलित प्रयास किए जा रहे हैं।

ग्रामीण पर्यटन, जोकि निश्चित रूप से देहात में आयोजित कार्यकलाप है, भी पर्यटकों में बेहद लोकप्रिय है। यह बहु-आयामी है और इसके अंतर्गत फार्म/कृषि पर्यटन, सांस्कृतिक पर्यटन, प्रकृति पर्यटन, साहसिक पर्यटन और पारिस्थरतिकी पर्यटन शामिल होते हैं। परम्परागत पर्यटन के विपरीत, ग्रामीण पर्यटन की कुछ खास विशेषताएं होती हैं, जैसेकि यह अनुभव-अभिमुखी होता है, इसके अंतर्गत शामिल स्थल कम आबादी वाले होते हैं, यह प्रधान रूप से प्राकृतिक वातावरण में ही होता है तथा यह संस्कृति, विरासत और परम्पराओं के संरक्षण पर आधारित होता है।

पारिस्थितिकी पर्यटन के अंतर्गत बेहद हल्के, प्राचीन और अक्सर संरक्षित क्षेत्रों में भ्रमण किया जाता है जो कम प्रभावशाली और (अक्सर) कम लोकप्रिय होते हैं। इसका उद्देश्य यात्री को शिक्षित करना, स्थानीय समुदायों के आर्थिक विकास और राजनैतिक सशक्तीकरण के लिए निधि उपलब्ध करना तथा विभिन्न संस्कृतियों और मानव अधिकारों के लिए सम्मान दिलाने को प्रोत्साहित करना है। पारिस्थितिकी पर्यटन उन व्यक्तियों के लिए महत्वपूर्ण है जो इसमें भाग लेते हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियां पर्यावरण के उन पक्षों को अनुभव कर सकें जो मानव हस्तक्षेप से अपेक्षाकृत अछूती हैं।

समुद्री और नदी पर्यटन (क्रूज) संपूर्ण विश्व में आमोद-प्रमोद संबंधी गतिविधियां के उद्योग के रूप में तीव्रता से विकसित हो रहा है। भारत, अपने विशाल और मनोरम तटों, अछूते वनों और शांत रमणीय द्वीपों, समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के साथ समुद्री पर्यटकों के लिए प्रसिद्ध पर्यटक स्थल बन रहा है।

साहसिक (एडवेंचर) पर्यटन में दूर-दराज के और मोहक क्षेत्रों की खोज अथवा भ्रमण शामिल है। साहसिक पर्यटन भारत में तेजी से लोकप्रिय होता जा रहा है।

चिकित्सा पर्यटन, स्वास्थ्य पर्यटन और योग, आयुर्वेद पर्यटन के साथ-साथ भारतीय चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत शामिल आयुर्वेद, योग, युनानी, सिद्ध और होमियोपैथी (आयुष) के क्षेत्र पर भी काफी जोर है। यात्रियों द्वारा जिन सेवाओं की मांग की जा रही है उनमें वैकल्पिक प्रक्रियाएं तथा जटिल विशेषज्ञता वाली शल्य क्रियाएं शामिल हैं। वास्तव में, भारत में मनश्चिकित्सा, वैकल्पिक उपचार के साथ-साथ प्रत्येक प्रकार की स्वास्थ्य सेवा और स्वास्थ्य लाभ से संबंधित देरे की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

स्वास्थ्य पर्यटन में उत्तम स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती की भावना पैदा करने, इसे बढ़ावा देने अथवा इसे बनाए रखने के मुख्य उद्देश्य से यात्रा की जाती है। यह, स्वास्थ्य कर, तनावरहित जीवन जीने के लिए नए तरीकों की खोज करने के लिए सक्रिय होने से संबंधित है।

भारत में खेल पर्यटन में भी तेजी से रूचि बढ़ रही है। भारत में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कई गोल्फ कोर्स हैं। इसके अतिरिक्त, भारत में आयोजित होने वाली गोल्फ प्रतियोगिताएं भी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करती हैं।

डाक विभाग ने ''भारत में पर्यटन'' विषय पर स्मारक डाक-टिकट, स्मारिका शीट, प्रथम दिवस आवरण और विवरणिका का डिजाइन तैयार करने के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित करने हेतु राष्ट्र-व्यापी प्रतियोगिता आयोजित की थी।

डाक-टिकट और स्मारिका शीट पर अंकित डिजाइन श्री तिजू जी. जे., श्री एम. वैभव शिनोय और सुश्री अशिता शर्मा द्वारा प्रस्तुत तीन चयनित प्रविष्टियों पर आधारित हैं।

आभार:-

मूलपाठ	:	इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री पर आधारित
डाक टिकट/स्मारिका शीट/ प्रथम दिवस आवरण	:	श्रीमति अलका शर्मा, प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत चुनी गई पेंटिंग्स पर आधारित
विरूपण	:	श्रीमति अलका शर्मा

भारतीय डाक
India Post

तकनीकी आंकड़े
TECHNICAL DATA

मूल्यवर्ग Denomination	: :	2500 पैसा, 2500 p
मुद्रित मिनिएचर शीट Souvenir Sheet printed	: :	3.0 लाख 0.3 million
मुद्रण प्रक्रिया Printing Process	: :	वेट ऑफसेट Wet Offset
मुद्रक Printer	: :	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद Security Printing Press, Hyderabad

The above philatelic items are available for sale at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक-टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the stamp, first day cover and information brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00